**फागोत्सव** | धर्म संस्कृति सांस्कृतिक संगठन की महिलाओं का भक्ति, संस्कृति और उल्लास का अनुपम संगम

# फाग के रंग कान्हा की सखियों के संग : फूलों की खुशबू में सराबोर हुआ परिसर





**नवभारत,जबलपुर।** होली के पूर्व फागोत्सव की रंगीन छटा उस समय जीवंत हो उठी जब धर्म संस्कृति सांस्कृतिक संगठन की महिलाओं ने 'फाग के रंग कान्हा की सखियों के संग' थीम पर होटल समदड़िया इन, जबलपुर में फूलों की भव्य होली का आयोजन किया। पूरा परिसर पुष्प वर्षा, भक्ति गीतों और राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों से मानो वृंदावन धाम में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों भागवत आचार्य निशा तिवारी, अर्चना पुरुषोत्तम तिवारी, यामिनी अन्नू सिंह तथा रूपा राव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं श्री गणेश वंदना के साथ हुआ। दीपों की ज्योति के साथ ही वातावरण में 'राधे-राधे' और 'होली खेले रघुवीरा' की गूंज सुनाई देने लगी।

### फूलों की वर्षा में सजीव हुई राधा-कृष्ण लीला

मंच पर राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। सखियों संग कान्हा की फूलों की होली ने उपस्थित महिलाओं को भाव-विभोर कर दिया। गुलाब, गेंदा और रंग-बिरंगे पुष्पों की वर्षा के बीच पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं फाग गीतों पर थिरकती नजर आईं। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो ब्रज की गलियों में स्वयं श्रीकृष्ण संग सखियां होली खेल रही हों।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

महिलाओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। भक्ति गीतों, फाग गीतों और समूह नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन नेहा उपाध्याय एवं विशाखा दुबे ने किया। धर्म संस्कृति सांस्कृतिक संगठन की अध्यक्ष कविता दुबे एवं उनकी टीम के प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और गरिमामय रूप में संपन्न हुआ।

### इनका कहना है




फूलों की होली ने मन को अद्भुत शांति और आनंद दिया। ऐसा लगा जैसे हम सच में वृंदावन की होली का हिस्सा बन गए हों।

**नेहा यादव**




यह आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत रखने का सुंदर प्रयास है। महिलाओं की एकजुटता ने इसे और खास बना दिया।

**वर्षा**



राधा-कृष्ण की झांकी और फाग गीतों ने मन मोह लिया। ऐसे कार्यक्रम हमें अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं।

**अंशिका शुक्ला**



मंच संचालन का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। महिलाओं का उत्साह और सहयोग प्रेरणादायक रहा।

**विशाखा दुबे**



धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। हमें गर्व है कि हम समाज सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण दोनों कार्य कर रहे हैं।

**नेहा उपाध्याय**





## दरबार-ए-जमाली में उर्स के मौके पर सामूहिक इफ्तार

▸ शहर में शुरू हुई सेहरी वैन सेवा

**नवभारत,जबलपुर।** हज़रत मुल्ला जमालुद्दीन शाह चिश्ती हामीदी के उर्स मुबारक के अवसर पर रविवार को मंडी मदार टेकरी स्थित दरबार-ए-जमाली में अफ्तार-ए-आम का आयोजन किया गया। सूफी बाबा मेराज अहमद जमाली की सदारत और खादिम बाबा जमाली की कयादत में आयोजित कार्यक्रम में मजार पर चादरपोशी और फूल-माला अर्पित की गई। मगरिब के वक्त सैकड़ों रोजेदारों ने सामूहिक इफ्तार किया। इस अवसर पर मतीन अंसारी, हाजी शेख जमील नियाजी, पार्षद अख्तर अंसारी, गुड्डू नबी, ताहिर खान, इश्तियाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इफ्तार के बाद सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ की गई।

### मुसाफिरों और भर्ती मरीजों तक सेहरी पहुंचाएगी वैन

साथ ही, रमजान के अवसर पर शहर में जरूरतमंदों को सहारा देने के लिए मदनी भाइयों ने सेहरी वैन सेवा शुरू की है। यह वैन मुसाफिरों और अस्पताल में भर्ती मरीजों तक सेहरी पहुंचाएगी। इस पहल में हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, हाफिज इमरान अत्तारी और कांग्रेस नेता आजम खान सहित कई समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे जरूरतमंदों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं और सहयोग करें।

## दुर्गावाहिनी प्रांत बैठक में गूंजा सनातन का संकल्प



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की दुर्गावाहिनी की प्रांत बैठक 21 एवं 22 फरवरी को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन मंत्री जितेंद्र, प्रदीप भाईसाहब, प्रज्ञा माला दीदी, मालती दीदी, पंकज जी सहित पूरे महाकौशल प्रांत से पहुँचे दुर्गावाहिनी के समर्पित कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा को लेकर गंभीर मंथन हुआ। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि समय की पुकार है कि हम संगठित होकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचें, युवाओं में संस्कार जगाएं और मातृशक्ति को सशक्त बनाएं। पूर्ण ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ यह निर्णय लिया गया कि दुर्गावाहिनी संगठन को गांव-गांव, नगर-नगर तक और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया- 'हम संगठित हैं, समर्पित हैं और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं।' बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिक से अधिक समाजबंधुओं को जोड़ा जा सके।

**एक नजर में**

## कवयित्री ज्योति प्यासी को मिला 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा रत्न' सम्मान



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की कवयित्री, कथाकार एवं शिक्षिका श्रीमती ज्योति प्यासी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा 'मातृभाषा रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया है। संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने बताया कि नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण-संवर्द्धन तथा हिंदी-नेपाली भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नेपाल, भारत सहित पांच देशों की एक हजार प्रतिभाओं को ऑनलाइन 'मातृभाषा रत्न' एवं 'मातृभाषा गौरव' सम्मान प्रदान किए गए। विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी श्रीमती प्यासी की कविताएं समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं। उनके अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर पाथेय, वर्तिका, मंथनश्री एवं सशक्त हस्ताक्षर संस्था से राजेश पाठक प्रवीण, विजय नेमा अनुज, संतोष मिश्रा और गणेश प्यासा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




## स्काउट-गाइड्स डेन में मनाया विचार दिवस

**नवभारत,जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जबलपुर मण्डल में मुख्य जिला आयुक्त (स्काउट) अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, जिला आयुक्त (स्काउट) वरुण चतुर्वेदी, जिला आयुक्त (गाइड) दीप्ति शर्मा, सहा जिला आयुक्त (स्काउट) नितेश कुमार सोने, सहा जिला आयुक्त (स्काउट) सचिपति नंदन, के मार्गदर्शन में रविवार को जबलपुर स्काउट डेन और नई कटनी शाखा में विचार दिवस मनाया गया। इस आयोजन में जिला सचिव अनिल चौबे, जिला संगठन आयुक्त विमलेश कुमार तिवारी द्वारा स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडेन-पॉवेल और उनकी पत्नी लेडी ओलेव बेडेन-पॉवेल की फोटो पर माल्यापाण्ड किया रोवर स्काउट लीडर शुभम कुमार कुशवाहा के द्वारा 22 फरवरी (विचार दिवस) के इतिहस का संक्षिप्त विवरण स्काउट एवं गाइड को बताया गया । इस कार्यक्रम मे मण्डल कर सभी स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित हुए ।

## सीनियर्स ने की पीपल पूजा, फहराया धर्मध्वज



**नवभारत,जबलपुर।** सीनियर्स आफ संस्कारधानी, जबलपुर से जुड़े बुजुर्गों ने रविवार को संस्कार सिटी टाउनशिप के संस्कार नगर स्थित गार्डन में पिछली बारिश में रोपे गए पीपल के पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया और पूजा अर्चना कर धर्मध्वज फहराया। इस अवसर पर राजेन्द्र तिवारी, उमेश अग्निहोत्री,अमर कुमार श्रीवास्तव एवं बिरजू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## 21 प्रतिशत से अधिक राजस्व प्राप्त

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में कुल 01 लाख 37 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 08 करोड़ 94 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी माह में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने (कुल 07 करोड़ 39 लाख रूपए) की तुलना में 20.99 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (08 करोड़ 82 लाख रुपए) से 1.33 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 03 हजार प्रकरण से रेलवे ने 17 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 59 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 96 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 45 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 72 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

## होलिका दहन की संध्या पर 500 दूल्हों संग सजेगा शहर

**33वें रसरंग महोत्सव को लेकर युवा गुंजन की बैठक में बनी रूपरेखा**



**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन कला सदन, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 33वां रसरंग महोत्सव 2 मार्च 2026, सोमवार को होलिका दहन की संध्या पर शहीद स्मारक भवन में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर 'युवा गुंजन' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की अध्यक्षता युवा गुंजन अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि रसरंग महोत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। आयोजन डॉ. आनंद तिवारी (प्रांतीय अध्यक्ष), लायन नरेन्द्र जैन (प्रांतीय महामंत्री), सुरेश सराफ (प्रांतीय कोषाध्यक्ष) तथा प्रधान संयोजक प्रतुल श्रीवास्तव और विजय जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 500 दूल्हों की सहभागिता रहेगी। शाम 6 बजे अतिथियों का साफा-माला पहनाकर व दूल्हा भेष में तिलक कर स्वागत किया जाएगा, जबकि मुख्य मंच से उद्घोषणा शाम 7 बजे होगी। दीप प्रज्वलन, स्तुति नृत्य और वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ेगा। विशेष आकर्षण के रूप में किन्नरों का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत होगा। मोती शिवहरे के निर्देशन में नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकार मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। राई और फाग जैसी लोककलाएं भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में महामंत्री विक्रम परवार, उपाध्यक्ष विवेक सोनी, अभिजीत रॉय, जीपी सिंह, राजेश गुप्ता, एसबी चौबे, हेमन्त अरोरा, अखिल मदान, अभय पचौरी, निखिल तिवारी, निखिल अग्रवाल, मनीष जायसवाल और केके वर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## गाडगे महाराज जन्मोत्सव पर स्वच्छता अभियान आज

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय रजक महासंघ, मध्य प्रदेश, जबलपुर द्वारा संत गाडगे महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर आज प्रात: 9 बजे गौरीघाट, नर्मदा जी के तट पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय संयोजक संदीप रजक द्वारा प्रात: 9 बजे गौरीघाट में किया जाएगा। इसके बाद घाट की स्वच्छता और नदी में फेंके गए अवशेषों को इकठ्ठा किया जाएगा, स्वच्छता के प्रति शपथ ली जाएगी, माँ नर्मदा जी की आरती की जाएगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उपस्थित की अपील इंद्रजीत मालवीय, अनिल रजक, रोहित रजक, कमलेश कनौजिया, विनोद रजक, संतोष रजक, अनुज रजक, ओंकार रजक आदि ने की है।



## राधे राधे -कृष्ण कृष्ण के सुर की गूंज करते निकली प्रभात फेरी

**नवभारत, जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु जी के जन्मोत्सव पर सर्कीतन मंडल द्वारा विशाल प्रभात फेरी निकाली गई है। राधे राधे -कृष्ण कृष्ण, सीता राम, हनुमान जी,नर्मदा माई की जय घोष ,भजन करते हुए निकली विशाल प्रभात फेरी छोटे फुहारा, गोपाल बाग, बधैंया मोहल्ला, सूजी पुरा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, तमरहाई, होते हुए सेठ ब्रदर्स के यहां पर समापन हुआ। भगवान गोपाल लाल जी के मंदिर पाठक गली गुडहाई तिराहे पर भगवान जी की आरती और सभी महिलाओं और पुरुषों ने फूलों की होली खेली और नृत्य किया। प्रभात फेरी में राकेश डी पी पाठक, संतोष अग्रहरि, सत्यप्रकाश सराफ,अमर सिंह ठाकुर, देवव्रत सोनी,नरेश कहार, श्याम गुप्ता, लव, कुश अग्रवाल, पवन साहू सुरेन्द्र पांडे , हिमांशु केसरवानी, रचित सराफ,रवि सेठ,दिलीप सेठ,शैलू सेठ,कमलेश अग्रवाल, अमर ठाकुर,संजय दुबे, नवदीप पटवा, आनंद पटवा, सुजीत चौरसिया, पिंकी आचार्य,नीलेश साहू, गुलशन विश्वकर्मा, नामदेव जी,समस्त अग्रहरि बन्धु गण, समस्त सेठ परिवार, दीपक पहारिया,कुदरया गुप्ता,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष गण उपस्थित थे।




## नि :शुल्क विधिक सहायता कैंप का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता कैंप का आयोजन ग्राम देवरी पटपरा मे किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय हेमंत श्रीवास्तव, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी (सचिव जिला बार एसोसिएशन), अधिवक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं समाज सेवी प्रभात सक्सेना एवं साथ ही अधिवक्ता यश दुबे,अधिवक्ता अनुनय श्रीवास्तव उपस्थित रहे । इस शिविर का आयोजन विधि संकाय के द्वारा किया गया जिसकी संयोजिका डॉ. वर्तिका पाण्डेय एवं सह संयोजिका डॉ पूजा अग्रवाल रही ।शिविर के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं एवं विधिक विशेषज्ञों ने कानूनी प्रश्नों पर नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया। शिविर में कई मामलों का प्राथमिक समाधान भी किया गया तथा मामलों को विधिक सहायता के लिए पंजीकृत किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.डॉ. के.आर.एस. सम्भा शिवा राव, उप-कुलपति प्रो.विनीता कौर सलूजा, कुल-सचिव प्रो. बी.एस. नगाकिशोर और प्रो. वसुजा देवी , विधि संकाय से एसोसिएट डीन डॉ नीरज प्रकाश राय, विभागाध्यक्ष डॉ शिवकांत प्रजापति आदि के साथ अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संभागीय अधिवेशन में विभिन्न शाखाओं का हुआ सम्मान

▸ मनोरमा संभाग का अधिवेशन एवं 'नवरंग 2026' अलंकरण समारोह



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद के मनोरमा संभाग का गरिमामय संभागीय अधिवेशन एवं 'नवरंग 2026' अलंकरण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। मुख्य अतिथि सुबोध जैन (कामरेड) एवं पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, सत्येन्द्र जैन 'जुग्गु', वरिष्ठ महिला पदाधिकारी डॉ. विमला चौधरी जैन, डॉ. कुसुम जैन, विजयलक्ष्मी जैन, रेखा बिनोद जैन एवं विनिता सिंह राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों को उनके कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर सम्मानित किया गया। मंगलाचरण प्रतिभा जैन ने एवं स्वागत नृत्य मोनिका जैन ने प्रस्तुत किया। संभाग की विभिन्न शाखाओं जूड़ी तलैया, पनागर, पाटन, गढ़ा, कोनीनी, भिजुरी जागृति, नेमीनाथ शाखा, बालाघाट, बहोरीबंद एवं शक्तिनगर—ने बैनर, प्रेजेंटेशन एवं एलबम प्रस्तुत कर अपनी सक्रियता का परिचय दिया।

### इनका रहा सहयोग

संभागीय अध्यक्ष स्नेहलता जैन के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परिषद की वरिष्ठ अधिकारी मंजुला जैन, श्रीमती रानी जैन, साधना बड़कुल, सुषमा पार्षद, मीना जैन, सुनीता मैक्स, नीलम जड़ी बूटी, साधना गायिका, संध्या कौशल, मौली, सविता जैन एवं संध्या शांत सहित अनेक बहनों का विशेष सहयोग रहा ।मंच संचालन संभागीय सचिव सीमा जैन ने किया।

**प्रशिक्षण** | अनुवाद शॉर्ट टर्म कोर्स का समापन

## दुभाषिया हमारी समझ को विकसित करने का एक माध्यम है



**नवभारत, जबलपुर।** रोजगार परक कौशल के विकास के लिए, विद्यार्थियों को अनुवाद के शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग, अंग्रेजी विभाग आजीवन शिक्षा विभाग एवं प्राचीन भारतीय एवं संस्कृति एवं पुरातत्व तथा इतिहास विभाग द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में 7 दिवसीय 16 से 22 फरवरी तक अनुवाद का शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को राजनीति विज्ञान विभाग, राजशेखर भवन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्र द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर मिश्र ने कहा कि दुभाषिया होना एक लाभ का कौशल है, आवश्यकता है और हमारी समझ को विकसित करने का एक माध्यम है। आज प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा में 125 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अनुवाद प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवांशु गौतम तथा आभार प्रदर्शन दीपा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### 14 सत्रों में आयोजित हुआ कार्यक्रम

उक्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ आभा पांडे, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. सोमा गुहा, डॉ. हरलीन कौर रूपराह, डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. आशा रानी, डॉ. अजय शुक्ला, डॉ. कैरोलिन अब्राहम ने विद्यार्थियों को अनुवाद कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. हरीश यादव, डॉ अभय सिंह डॉ. तरुणा राठौर, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. रणवीर कलसी, डॉ. राजुल अग्रवाल, डॉ. रंजीता वैष्णव. श्रीमती संदीपा उपाध्याय, खुशबू सिंह, डॉ. ऋचा दुबे, निखिल गुप्ता आदि का सहयोग रहा।



## सकल चौरसिया समाज के तीनों मंडलों ने ली शपथ

**नवभारत,जबलपुर।** सकल चौरसिया समाज जबलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में वरिष्ठ मंडल, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। समाज के अध्यक्ष शिव कुमार नारायण प्रसाद चौरसिया, सचिव भगवान नीलकंठ चौरसिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गोवर्धन चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी अनिकेत दिलीप चौरसिया ने विधिवत शपथ ली। इसी प्रकार महिला मंडल में रीता हरीश चौरसिया (अध्यक्ष), सरिता भगवान चौरसिया (सचिव), स्नेहलता दिनेश चौरसिया (कार्यकारी अध्यक्ष), रेखा राजेश चौरसिया (सह सचिव), श्वेता शैलेंद्र चौरसिया (कोषाध्यक्ष) को दायित्व सौंपा गया। नवयुवक मंडल में राहुल राजू चौरसिया (अध्यक्ष), आशीष सुशील चौरसिया (सचिव) आदि को दायित्व सौंपे गए। संरक्षक मंडल में मधुसूदन मोदी, आर.ए. राम चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, अखिल चौरसिया, कैलाश चौरसिया, राजू चौरसिया (विश्व), राजेश चौरसिया (गंगानगर) एवं योगेश चौरसिया शामिल किए गए। समारोह में अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।